आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)
प्रादेशिक समाचार

1910 बुधवार 08.05.2024

मुख्य समाचारः—

1— लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण के तहत प्रदेश के सात संसदीय क्षेत्रों में कल हुए मतदान के अंतिम आंकड़ों के अनुसार करीब बहत्तर प्रतिशत मतदान हुआ है।
2— छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा आयोजित दसवीं और बारहवीं बोर्ड परीक्षाओं के परिणाम कल जारी किए जाएंगे।
3— अक्षय तृतीया के मौके पर राज्य के विभिन्न जिलों में बाल विवाह रोकने प्रशासन सक्रिय।
4— अगले चौबीस घंटों के दौरान प्रदेश में कुछ स्थानों पर हल्की वर्षा होने अथवा गरज—चमक के साथ छीटें पड़ने की संभावना।

तीसरा चरण—मतदान प्रतिशत

प्रदेश में लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण के तहत सात संसदीय क्षेत्रों में कल हुए मतदान के अंतिम आंकड़े आ गए हैं। निर्वाचन आयोग द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार इन सभी लोकसभा क्षेत्रों में करीब बहत्तर प्रतिशत मतदान हुआ है। सबसे अधिक सरगुजा लोकसभा क्षेत्र में लगभग अस्सी प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया। वहीं, सबसे कम बिलासपुर लोकसभा क्षेत्र में लगभग पैंसठ प्रतिशत मतदान हुआ। इसी तरह, रायगढ़ लोकसभा क्षेत्र में लगभग उनयासी, जांजगीर—चांपा में लगभग अड़सठ, कोरबा में लगभग छिहत्तर, दुर्ग में लगभग चौहत्तर और रायपुर लोकसभा क्षेत्र में करीब सड़सठ प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया है।

यदि विधानसभावार आंकड़ों की बात करें, तो रायगढ़ लोकसभा क्षेत्र के धरमजयगढ़ विधानसभा क्षेत्र में सर्वाधिक चौरासी दशमलव छह—एक प्रतिशत मतदान हुआ है। वहीं, रायपुर लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत रायपुर पश्चिम विधानसभा क्षेत्र में सबसे कम छप्पन दशमलव छह—पांच प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया।

वर्ष दो हजार उन्नीस में हुए पिछले लोकसभा चुनाव में इन सातों लोकसभा क्षेत्रों में इकहत्तर दशमलव एक—चार प्रतिशत मतदान हुआ था। इस तरह पिछले चुनाव की तुलना में इस बार इन संसदीय क्षेत्रों में मतदान का प्रतिशत करीब एक प्रतिशत बढ़ा है।

गौरतलब है कि राज्य की ग्यारह लोकसभा सीटों में से उन्नीस अप्रैल को पहले चरण में बस्तर में तो वहीं छब्बीस अप्रैल को हुए दूसरे चरण में तीन लोकसभा सीटों – राजनांदगांव, कांकेर और महासमुंद में मतदान हुआ था।
मतगणना चार जून को होगी और इसी दिन चुनावी नतीजे सामने आ जाएंगे।

स्ट्रांग रूम—ईव्हीएम मशीन

प्रदेश में तीसरे चरण का मतदान संपन्न होने के बाद ईव्हीएम और वीवीपैट मशीनों को कड़ी सुरक्षा के बीच संबंधित जिलों में बनाए गए स्ट्रांग रूम में सील कर दिया गया है। वहीं, स्ट्रांग रूम के बाहर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। साथ ही सीसीटीवी कैमरों के जरिये हर गतिविधि पर नजर रखी जा रही है।

बलरामपुर जिले के भेलवाडीह स्थित लाइवलीहुड कॉलेज में बनाए गए स्ट्रांग रूम में ईव्हीएम और वीवीपैट मशीनों को जिला निर्वाचन अधिकारी रिमिजियुस एक्का, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक और राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की मौजूदगी में सील किया गया।

वहीं, सक्ती जिले के नंदेलीभाटा के स्ट्रांग रूम में भी ईव्हीएम मशीनों को कड़ी सुरक्षा के बीच रखा गया है। जिला प्रशासन द्वारा स्ट्रांग रूम की सीसीटीवी कैमरे से निगरानी की जा रही है, जिसके लिए मॉनिटरिंग कक्ष भी बनाया गया है।

इसी तरह, रायगढ़ जिले में स्थित केआईटी कॉलेज में बनाए गए स्ट्रांग रूम में ईव्हीएम मशीनों को जिला निर्वाचन अधिकारी और प्रेक्षकों ने सील बंद कर दिया। इस दौरान प्रत्याशियों के प्रतिनिधि भी मौजूद थे।

साय/बैज–बयान

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा है कि भारतीय जनता पार्टी ने लोकसभा चुनाव विकसित भारत के विजन पर लड़ा है। जबकि, कांग्रेस नेताओं ने सिर्फ झूठ और बदजुबानी को ही अपना ध्येय बना लिया था। श्री साय ने अपने सोशल मीडिया हैंडल 'एक्स' पर कहा कि कांग्रेस ने संविधान और आरक्षण पर लगातार भ्रम फैलाने की कोशिश की। वहीं, लगातार फर्जी वीडियो भी वायरल किए। उन्होंने कहा कि प्रदेश की जनता ने लोकसभा चुनाव में मतदान कर भाजपा पर अपना भरोसा जताया है।

वहीं, प्रदेश भाजपा अध्यक्ष किरण सिंह देव ने कहा है कि छत्तीसगढ़ के विकास के लिए जनता ने भाजपा के पक्ष में स्वस्फूर्त मतदान किया है। उन्होंने कहा कि तीसरे चरण के चुनाव में मतदाताओं में भारी उत्साह देखा गया। श्री देव ने कहा कि जनता सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के लिए भाजपा की सरकार चाहती है।

दूसरी ओर, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा है कि यह चुनाव देश का संविधान और लोकतंत्र बचाने के लिए है। उन्होंने कहा कि मतदान के बाद पोलिंग बूथों के बाहर मतदाताओं का रूझान कांग्रेस के प्रति दिखाई दिया। किसान, मजदूर और महिलाएं देश में कांग्रेस के पक्ष में है।

किरण सिंह देव–ओडिशा

प्रदेश में लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण का मतदान संपन्न होने के बाद भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव ओडिशा के चार दिवसीय चुनावी दौरे पर हैं। वे ग्यारह मई तक कोरापुट, रायगड़ा, गुनपुर, जैपुर और कोटपाड़ में आयोजित बैठकों और स्थानीय कार्यक्रमों में शामिल होंगे।

ईओडब्ल्यू–छापा

कथित शराब घोटाला मामले में पुलिस रिमांड पर चल रहे शराब कारोबारी त्रिलोक सिंह ढिल्लन उर्फ पप्पू ढिल्लन के घर पर आर्थिक अपराध अन्वेषण ब्यूरो–ईओडब्ल्यू ने छापा मारा। आज सुबह ईओडब्ल्यू के अधिकारी त्रिलोक सिंह ढिल्लन को पुलिस कस्टडी में लेकर भिलाई के नेहरू नगर स्थित उनके घर पहुंचे। कुछ दिनों पहले ईओडब्ल्यू ने जब उसके घर पर छापा मारा था, उस समय त्रिलोक सिंह ढिल्लन घर से गायब थे, तब छापे की कार्रवाई के दौरान अलमारियों को सील कर दिया गया था। आज त्रिलोक सिंह के सामने इन सीलबंद अलमारियों को खोला गया। इस बीच, उनके घर के बाहर सुरक्षा बढ़ा दी गई है।

वहीं, ईओडब्ल्यू की टीम ने शराब कारोबारी विजय भाटिया के बंगले पर भी दबिश दी है।

दसवीं/बारहवीं–परिणाम

छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा आयोजित दसवीं और बारहवीं बोर्ड परीक्षाओं के परिणाम कल जारी किए जाएंगे। मंडल की सचिव पुष्पा साहू ने आकाशवाणी समाचार को बताया कि परीक्षा परिणाम कल दोपहर साढ़े बारह बजे रायपुर स्थित छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल के सभागार में जारी किया जाएगा। विद्यार्थी अपना परीक्षा परिणाम मंडल की वेबसाइट पर देख सकेंगे। गौरतलब है कि दसवीं की बोर्ड परीक्षा में लगभग साढ़े तीन लाख और बारहवीं की परीक्षा में लगभग ढाई लाख विद्यार्थी शामिल हुए।

बाल विवाह–समिति गठित

अक्षय तृतीया के मौके पर राज्य के विभिन्न जिलों में बाल विवाह को रोकने के लिए प्रशासन सक्रिय है। राजनांदगांव में बाल विवाह को रोकने के लिए प्रशासन ने तीन स्तर पर निगरानी समितियां गठित की हैं। समितियों द्वारा जिला, जनपद और ग्राम पंचायत स्तर पर संभावित बाल विवाह को रोकने के लिए आसपास के गांवों में निगरानी की जा रही है।

जिला कलेक्टर संजय अग्रवाल ने कहा है कि बाल विवाह की सूचना मिलने पर तत्काल कार्रवाई की जाए। उन्होंने जिले के नागरिकों से बाल विवाह की सूचना मिलने पर टोल फ्री नंबर – एक शून्य नौ आठ पर संपर्क करने का आग्रह किया है। कलेक्टर ने जनप्रनिधियों और स्वयंसेवी संगठनों तथा आम नागरिकों से भी बाल विवाह रोकने में सहयोग करने की अपील की है।

राजनांदगांव–अग्नि सुरक्षा

राजनांदगांव में रेलवे पुलिस बल–आरपीएफ की टीम ने अग्नि सुरक्षा को लेकर जागरूकता अभियान चलाया। इस दौरान आपातकालीन अग्नि सहायता सेवा द्वारा डेमो के माध्यम से टीटीई, रेलकर्मी, सफाईकर्मियों के अलावा इलेक्ट्रिक स्टाफ के अधिकारी और कर्मचारियों को अग्निशामक यंत्रों को कुशलतापूर्वक चलाने की तकनीक बताई गई। वहीं, रेलवे कॉलोनी में रहने वाले लोगों और बच्चों को भी आग से बचाव के बारे में जानकारी दी गई।

फुटबॉल/ग्रीष्मकालीन खेल

नारायणपुर जिले के रामकृष्ण मिशन आश्रम के खेल मैदान में इन दिनों छत्तीसगढ़ मेन्स फुटबॉल लीग प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है।
आज रायपुर के रामा एफसी और आरकेएम के बीच खेले गए मुकाबले में आरकेएम ने रामा एफसी को शून्य के मुकाबले दो गोल से हराया।

इधर, कबीरधाम जिले में दस से इकतीस मई तक ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया जाएगा। इसमें हॉकी, व्हॉलीबॉल, बेसबॉल, साफ्टबॉल, कराते, बैडमिंटन, हैंडबॉल, खो–खो, कबड्डी, फुटबॉल और एथलेटिक्स जैसे खेलों को शामिल किया गया है।

वहीं, राजनांदगांव की हॉकी खिलाड़ी अनिशा साहू का चयन भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम में हुआ है। वे नीदरलैंड में अट्ठारह से इकतीस मई तक आयोजित होने वाली अंडर–ट्वेंटी वन बालिका हॉकी चैंपियनशिप में भाग लेंगी। इस प्रतियोगिता में भारत सहित बेल्जियम, जर्मनी और नीदरलैंड की टीमें हिस्सा लेंगी।

उपमहानिदेशक–नारायणपुर

बस्तर संभाग में आकाशवाणी की एफ.एम. कवरेज के विस्तार के संबंध में आकाशवाणी रायपुर के उपमहानिदेशक अभियांत्रिकी वी. राजेश्वर एकदिवसीय प्रवास पर आज नारायणपुर पहुंचे। इस मौके पर उन्होंने कलेक्टर विपिन मांझी से मुलाकात कर जिले में एफ.एम. रेडियो स्टेशन की स्थापना को लेकर किए जा रहे कार्यों के संबंध में चर्चा की।

संक्षिप्त समाचार

– आज विश्व रेडक्रॉस और रेड क्रिसेंट दिवस है। संरक्षण, सहायता, स्वास्थ्य सेवा और सामाजिक सहायता तथा लोगों के स्वास्थ्य के लिए काम करने वाले लाखों कर्मचारी और स्वयंसेवकों के प्रति सम्मान व्यक्त करने के लिए यह दिवस मनाया जा रहा है।

– हैदराबाद के बाचूपल्ली इलाके में निर्माणाधीन इमारत के गिरने से उसमें दबकर एक ही परिवार के तीन लोगों की मौत हो गई। ये सभी जांजगीर–चाम्पा जिले के नवापारा गांव के निवासी थे। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने इस घटना पर गहरी संवदेना व्यक्त की है।

– जांजगीर–चांपा जिले के मड़वा गांव में ट्रैक्टर की चपेट में आने से मोटरसाइकिल सवार एक युवक की मौत हो गई।

– वहीं, इसी जिले के सुकली गांव में तेज रफ्तार कार की टक्कर से एक बच्ची की मौत हो गई।

– राजनांदगांव जिले के देवपुरा गांव के पास एक वाहन की टक्कर से मोटरसाइकिल सवार एक युवक की मौत हो गई।

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>
<><>
<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>
<><>